भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3035

उत्तर देने की तारीख 13 अगस्त, 2026

22 श्रावण, 1948 (शक)

असम में खेल अवसंरचना

3035 श्री जोगेन मोहन:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान असम में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) स्थापित स्टेडियम, सिंथेटिक ट्रैक, इनडोर हॉल और खेल अकादमियों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार राज्य में ओलंपिक विधाओं हेतु उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का विचार रखती है;
(घ) जारी की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने की क्या रूपरेखा है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ड़): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेल अवसंरचना परियोजनाओं के विकास , स्टेडियमों, सिन्थेटिक ट्रैकों, इंडोर हॉल्स और खेल अकादमियों की स्थापना, उत्कृष्टता केंद्रों के विकास, वित्तीय सहायता का प्रावधान और खेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने सहित खेलों के विकास की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार महत्त्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है।

खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत, असम राज्य सहित देशभर में, खेल अवसंरचना परियोजनाओं के अनुमोदन और उनकी स्वीकृत लागत, जारी निधियां और उनकी भौतिक व आर्थिक प्रगति संबंधित विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड क्रमशः https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत असम राज्य सहित देशभर में, विभिन्न खेल सुविधाओं जैसे खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों (केआईएससीई), खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों (केआईएए) के साथ-साथ खेलो इंडिया खिलाड़ी (केआईए) और कोच से संबंधित विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in.पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर यह मंत्रालय आधुनिक खेल अवसंरचना, उच्च-प्रदर्शन प्रशिक्षण सुविधाओं और उत्कृष्टता केंद्रों के विस्तार, राष्ट्रीय-स्तर प्रतिस्पर्धाओं के प्रोत्साहन और प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी हेतु सहायता के माध्यम से खेल पारिस्थितिकी तंत्र को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है।

*****